Regarding alleged irregularities in implementation of Jal Jeevan Mission in Amravati district, Maharashtra-Laid

श्री बलवंत बसवंत वानखडे **(**अमरावती**) :** क्या यह सत्य है कि महाराष्ट्र के अमरावती जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2019 से 2024 के दौरान प्रस्तावित कुल 666 योजनाओं में से केवल 467 योजनाओं का ही कार्य पूर्ण किया गया है, जिस पर लगभग 188 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है? यदि हाँ, तो इसके बावजूद जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक हर घर नल से जल का लक्ष्य पूर्ण क्यों नहीं हो पाया है? इसके पीछे मुख्य कारण क्या हैं? क्या यह भी सत्य है कि आदिवासी बहुल मेलघाट क्षेत्र की धारणी एवं चिखलदरा तहसीलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सर्वाधिक 226 योजनाएं पूर्ण होने के बावजूद 178 गांवों में अब भी जल किल्लत बनी हुई है? क्या सरकार इस संपूर्ण प्रकरण की प्रत्यक्ष भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा हेतु थर्ड पार्टी ऑडिट अथवा सोशल ऑडिट कराने का प्रस्ताव रखती है, ताकि धन के उपयोग, कार्यों की गुणवत्ता तथा लक्ष्य-प्राप्ति की वास्तविक स्थिति का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जा सके? यदि हाँ, तो इसकी समय-सीमा क्या है? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?